महत्वपूर्ण एवं खास

युवक के पेट में मारी बीयर बोतल, अंतड़ियां बाहर

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में हुई खूनी झड़प में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे पक्ष ने एक युवक को बीयर बोतल फोडक़र पेट में मार दिया, इससे उसकी अतडिय़ां बाहर निकल आई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र के अचानकपुर-देवारपारा का बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो कुछ समय पूर्व ही पर्व के दौरान युवक-युवतियां और अन्य लोग नाच रहे थे। इसी दौरान एक युवती को धक्का लग गया था। इस बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। लेकिन तब मामला समझौते के साथ खत्म हो गया था। लेकिन दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से रंजिश रखे हुए थे। इसी रंजिश के चलते फिर से विवाद हुआ और आवेश में आकर युवक के पेट में बीयर की बोतल मार दी गई, इससे उसकी अतडिय़ां तक बाहर आ गई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का विमानतल पर जोरदार स्वागत

रायपुर (आरएनएस)। जीवन प्रबन्धन विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का विमानतल पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनका स्वागत करने के लिए क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, ब्यूटिशियन मिनाक्षी टूटेजा, शासन के प्रोटोकाल अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी रविवार को शाम 6 बजे श्याम टाकीज के निकट स्थित इण्डोर स्टेडियम रायपुर में अच्छी सोच बेहतर जिन्दगी विषय पर व्याख्यान देंगी। विमानतल से वह सीधे भिलाई चली गई। आज शाम को भिलाई में और कल सुबह बिलासपुर में भी उनका कार्यक्रम रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संयुक्त मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की 23 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महंत जी का पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। महंत जी ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। उन्होंने खेती-किसानी, सिंचाई तथा सडक़ों के माध्यम से लोगों की बेहतरी के काम को बखूबी अंजाम दिया। बघेल ने कहा है कि कोसा एवं बुनकर व्यवसाय को प्रदेश से लेकर विदेशों तक ख्याति दिलाने में बिसाहू दास महंत जी का अतुलनीय योगदान रहा है, इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के नाम पर हर साल राज्य के श्रेष्ठ बुनकरों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा मंहत जी के सम्मान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा का नामकरण स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा किया गया है। बघेल ने कहा है कि हमारे पुरोधा विकास की जो विरासत छोड़ गए हैं, उसे नये आयाम देने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।

किशोर से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। डबरी तालाब के पास बीरगांव में चार युवकों ने एक किशोर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ढोलू, रवि व अन्य 2 लोगों ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 294, 506, 323, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

टरबाइन में आई खराबी, सुधारने के लिए खोले गए बांगो बांध के तीन गेट

कोरबा (आरएनएस)। बांगो बांध के तीन गेट शुक्रवार को दो घंटे के लिए खोले गए। पनबिजली तैयार करने के लिए बांध के तीन हाइडल प्लांट का 16 घंटे संचालित किया जा रहा है। टरबाइन क्रमांक दो में आई खराबी के कारण सिंचाई के लिए पानी आपूर्ति बंद हो गई। जिसे जारी रखने के लिए जल संसाधन को गेट खोलने का निर्णय लेना पड़ा। दो घंटे तक 2.600 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड छोड़ा गया। टरबाइन में सुधार आने के बाद तीनों गेट को बंद किया गया।

खंड वर्षा के कारण खेती का काम बाधित है। जांजगीर व रायगढ़ जिलें में धान रोपाई के लिए पानी की मांग हो रही है। इस वजह से दर्री बराज के दायी व बायी तट नहर से पानी छोड़ा जा रहा है। दर्री बांध में पानी का भराव बनाए रखने के बांगो से पानी छोड़ा जा रहा है। इसके लिए पनबिजली हाइडल प्लांट 16 घंटे चलाया जा रहा था। प्लांट से चलने से 7.800 क्यूसेक मीटर दर्री बांध में पहुंच रहा था। दोपहर 12 बजे हाइडल प्लांट दो के टरबाइन में खराबी आ गई। इससे 2.600 क्यूसेक मीटर पानी की आपूर्ति बंद हो गई। जिसे जारी रखने के लिए बांगो बांध के 11 गेट में से तीन गेट को खोल दिया गया। जिन गेटों को खोले गए उनमें गेट क्रमांक तीन को 10 सेंटी मीटर,चार और पांच को 20-20 सेंटीमीटर खोला गया।

टर्बाइन में सुधार आते गेट को बंद कर दिया गया। बताना होगा कि बांध की जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। साल भर पानी का उपयोग किए जाने के बाद बांध का जल स्तर गिर कर 351.52 मीटर हो गया। यानि 7.96 मीटर पानी की खपत हुई है। मानसून आगम के बाद बांध को जल जस्तर में 2.98 मीटर वृद्धि हुई है। इसके पहले कम वर्षा के कारण जितनी बारिश हो रही थी, उससे अधिक पानी खेतों में सिंचाई के लिए छोड़ा जा रहा था। जिसकी वजह से जल स्तर में लगातार कमी आ रही थी। खंड वर्षा की स्थिति को देखते हुए जुलाई 10 जुलाई से बांध दर्री बांध से पानी छोडऩे का क्रम जारी है। इस बार जून और जुलाई माह में अच्छी बारिश नहीं होने से बांध में अपेक्षित भराव नहीं हुआ है। बीते वर्ष हुई बांध भराव की तुलना की जाए तो जुलाई के पहले पखवाड़े तक 76 प्रतिशत पानी था। इस वर्ष भराव 71 प्रतिशत है। पूर्ण भराव के लिए 29 प्रतिशत पानी जरूरत है।

जिले भर में मानसून के चौतरफा सक्रियता से भले ही बादल छाए हैं लेकिन खंड वर्षा ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। थम. थम के हो रही रिमझिम फुहार कृषि के लिए पर्याप्त नहीं है। जिन खेतों में पानी का भराव हो चुका है वहां रोपा का काम जारी है। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में अभी भी खेती पिछड़ी है। जिले में एक जून से अब कुल 3048.3 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। जारी वर्षा से किसानों को कृषि में प्रगति आने की अब भी आस बंधी है किंतु किसानों को पिछड़ी खेती को पटरी में लाने में खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। मानसून का दौर जारी रहने के लिए अभी ढाई माह का समय शेष है। खंड वर्षा की वजह रोपाई व बियासी का काम बाधित है। पिछले दो दिन से जारी बारिश में पहले दिन बांध में प्रतिदिन 0.15 मीटर यानि 15 सेमी की दर से भराव हो रहा था। यह भराव दूसरे दिन बढकर 0.16 मीटर हो गया। लेकिन लगातार खेती के लिए पानी छोड़े जाने से जल स्तर में कमी आने लगी है। विभागीय अधिकारी की माने तो बांगो परिक्षेत्र में 348 मिमी वर्षा हो चुकी है। वर्षा के लिए अभी अगस्त सितंबर माह शेष है। इस आशय से डैम में बेहतर भराव की पूर्ण गुंजाइश है।

जिले भर में एक जून से अब तक 3048.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सबसे कम वर्षा हरदीबाजार तहसील में 218.0 मिमी है जबकि सबसे अधिक करतला में 385.4 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। दर्री बांध से निकलने वाली नहर ज्यादातर करतला विकासखंड के भू-भाग से होकर गुजरता है किंतु खेतों का तल नहर से उपर होने के कारण सिंचाई की सुविधा से किसान वंचित हैं। बांगो बांध के तीन गेट को दोपहर एक से तीन बजे तक दो घंटे के लिए खोला गया। टरबाइन में आई खराबी को सुधारने के लिए यह निर्णय लिया गया। सुधार के बाद खोले गए सभी गेट को बंद कर दिए गए। बांध में क्षमता के अनुरूप 71 प्रतिशत पानी है। सिंचाई सुविधा के लिए समस्या नहीं होगी।

दर्जनों लोकल-पैसेंजर रद्द, यात्री हलाकान

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के मध्य तीसरे लाईन पर आज से 25 जुलाई तक 17 मेमू पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गई है। इसके पहले ही रेलवे ने 14 पैसेंजर ट्रेनों को भी रद्द कर दिया था, ये ट्रेनें बहाल हुई ही थी कि रेलवे ने फिर से ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

दैनिक यात्रियों का एक मात्र सहारा यही लोकल ट्रेनें और पैसेंजर ट्रेनें ही थी, जिससे वे अपने गंतव्य तक आना-जाना करते थे। एक अनुमान के अनुसार इन लोकल और पैसेंजर ट्रेनों में आम यात्रियों के अलावा हजारों की संख्या में दैनिक यात्री भी आवाजाही करते हैं। अब मजबुरी में उन्हें बस का सहारा लेना पड़ेगा, इससे कामगार यात्रियों को अपनी जेबें ज्यादा ही ढीली करनी होगी। दैनिक यात्री रोजाना सुबह 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक इन लोकल और पैसेंजर ट्रेनों के सहारे अपने-अपने स्टेशनों तक लौटते थे। लेकिन अब 25 जुलाई तक उन्हें भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। जानकारों की माने तो लोकल और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

रेलवे ने इन लोकल-पैसेंजर को किया रद्द :

22 से 25 जुलाई तक 08756 इतवारी-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08751 रामटेक-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08754 इतवारी-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 08755 रामटेक - इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 24 18239 कोरबा- इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

22 से 24 18240 इतवारी- कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

22 से 24 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 से 25 जुलाई 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08767 रायपुर-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08768 इतवारी-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08713 गोंदिया-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08715 बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08714 इतवारी-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08716 इतवारी-गोंदिया- बालाघाट पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 25 जुलाई 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 से 24 जुलाई 08212 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

आयकर विभाग ने करोड़ों कैश के साथ ज्वेलरी किया सीज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में आयकर विभाग की दबिश में करोड़ों रूपए नगद के साथ ही करोड़ों की ज्वेलरी सीज किए जाने की जानकारी निकलकर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि लोहा कारोबार से जुड़े कारोबारियों के यहां से भारी मात्रा में नगदी और ज्वेलरी बरामद की गई है। इसके अलावा लेनदेन के कई लुज पेपर आदि भी टीम के हाथ लगने की बात कही जा रही है।

ज्ञात हो कि आयकर विभाग की टीमों द्वारा रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद में लोहा कारोबारी तथा राइस मिलरों के यहां छापामार कार्यवाही की है। आईटी के अफसरों ने इन कारोबारियों के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर अब तक करोड़ों रूपए नगदी और करोड़ों के सोने-चांदी के जेवरात आदि सीज कर दिया है। सूत्रों की माने तो राइस मिलरों के 30 अलग- अलग ठिकानों पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। ज्ञात हो कि छापे की कार्रवाई मार्कफेड तथा नान के एमडी के यहां भी की गई। इसके अलावा आईटी की टीम के हाथ लेनदेन के कुछ लूज पेपर भी हाथ लगने की बात कही जा रही है।

क्यूआरटी ने डीजल चोरों को पकड़ा , रिपोर्ट करने पर जवानों को दी धमकी

कोरबा (आरएनएस)। डीजल चोरी करने टैंकर लेकर खदान के अंदर घुसे चोरों पर त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों की नजर पड़ गई। जवानों की सूचना पर क्यूआरटी ने चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इस पर चोरों ने जवानों के साथ गाली-गलौच करते हुए खदान बंद कराने की धमकी दी। मामले की सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड ;एसईसीएलद्ध की कुसमुंडा खदान में बुधवार की रात 10.45 बजे कुछ युवक टैंकर वाहन लेकर डीजल चोरी करने घुसे। इसकी जानकारी त्रिपुरा स्टेट राइफल्स टीएसआर के जवानों ने खदान परिसर की क्यूआरटी की टीम को दी। इस पर क्यूआरटी ने डीजल चोरी को पकडऩे दबिश दी और कुसमुंडा परियोजना अंतर्गत बरकुटा फेस में टैंकर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 7159 को डीजल चोरी करते देखा। क्यूआरटी को देखकर टैंकर चालक मौके से टैंकर लेकर भाग निकला। क्यूआरटी ने पीछा कर टैंकर क्रमांक सीजी 12 एस 2198 को पकड़ा और मामला कुसमुंडा थाने के सुपुर्द कर दिया। मामला पुलिस को सौंपे जाने का विरोध जताते हुए त्रिपुरा स्टेट राइफल्स एवं एसईसीएल से विभागीय सुरक्षा जवानों के साथ चोरी के आरोपितों ने गाली-गलौज की। इतना ही नहीं उन्होंने खदान बंद करने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी थाना कुसमुंडा ने जवानों की सूचना पर टैंकर वाहन को जब्त कर लिया है। एसईसीएल प्रबंधन ने पत्राचार कर थाना प्रभारी कुसमुंडा को टैंकर मालिक एवं ट्रांसपोटिंग कंपनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने कहा है।

मंत्रालय का बड़ा अधिकारी बता कर सरपंच को किया ब्लैकमेल, यूपी से पकड़ा गया शातिर बदमाश

जांजगीर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले सरपंच को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। जिले के केरा गांव के सरपंच लोकेश कुमार शुक्ला को एक शख्स ने फोन किया और खुद को मंत्रालय का बड़ा अधिकारी बताते हुए ब्लैकमेल करते हुए रुपए की मांग की। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस एक्शन में आई और मोबाइल लोकेशन के सहारे यूपी से आरोपी को दबोच लिया गया। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी अनुसार, नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के केरा गांव के सरपंच लोकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 2 जुलाई को फोन आया जिसमें आरोपी ने कहा कि मैं मंत्रालय का बड़ा अधिकारी बोल रहा हूं और तुम्हारे खिलाफ टोल फ्री नबर से 10 से 20 लोगों ने भ्रष्टाचार करने की शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर रायपुर से जांच टीम जाएगी, अगर उन्हें गड़बड़ी मिली तो 10 से 20 लाख रु की रिकवरी भरना पड़ेगा, साथ ही आपकी सरपंची भी जाएगी। वह धमकाते हुए बोला कि आज रविवार है सब अधिकारी मंत्रालय में सीसीटीवी कैमरा बंद कर बैठे हैं, चाय पानी के लिए कुछ खर्चा करो सभी अधिकारियों ने पार्टी करने की बात कही और फोन पे पर पैसे को भेजने कहा, जब फोन पे नंबर मांगने पर फोन काट दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएपी विजय अग्रवाल ने विशेष टीम और सायबर सेल की टीम को मोबाइल धारक आरोपी को खोजबीन के लगाया गया। इस दौरान सायबर टीम को मोबाइल लोकेशन और मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश टीम भेजी गई। जहां आरोपी पुस्पेंद्र कुमार यादव उम्र 28 साल। निवासी खोरयान्ना थाना कटेरा झांसी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 384,419,506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

छत्तीसगढ़ के 30 रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल

❒ चरणबद्ध ढंग से होंगे विकास कार्य, यात्री सुविधाओं में होगा इजाफा

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय रेलवे पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है । यह योजना दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना करती है। इसमें स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है।

यह काफी हर्ष का विषय है कि इस योजना में छत्तीसगढ़ के करीब 30 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। जहां अब चरणबद्ध ढंग से विकास कार्य शुरू होंगे और यात्री सुविधाओं में इजाफा होगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'एक स्टेशन एक उत्पाद', बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, भूनिर्माण आदि जैसी योजनाएं शामिल है। इस योजना में स्टेशन/कार्यालय भवन में सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं एवं पर्यावरण अनुकूल संसाधन, गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार 'रूफ प्लाजा' और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर का निर्माण शामिल है। इस योजना के तहत अब तक 1309 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है,जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 49 स्टेशन शामिल हैं।

योजना में बिलासपुर, रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, नैला, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रारोड, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, भिलाई नगर, बिल्हा, निपानिया, भाटापारा, हथबंद, तिल्दा नेवरा, रायपुर, बालाघाट, चंडाफोर्ट, छिंदवाड़ा, गोंदिया ,राजनांदगांव, डोंगरगढ़, भंडारा रोड, नैनपुर, इतवारी, कामठी, मांडलाफ़ोर्ट, सिवनी, तुमसर रोड, वडसा, आमगाँव आदि स्टेशन शामिल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

नदी में बहा शिक्षक, देवपहरी वाटरफाल गए थे पिकनिक मनाने

कोरबा (आरएनएस)। शुक्रवार को कोरबा जिले के लेमरू पुलिस थाना क्षेत्र के देवपहरी वाटरफाल में पिकनिक मनाने आये जांजगीर चाम्पा ज़िले का एक शिक्षक पानी में बह गया। शिक्षक की तलाश की जा रही है, लेकिन लगातार बारिश के चलते खोज में बाधा आ रही है।

पुलिस थाना लेमरू के प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू ने बताया कि जांजगीर चाम्पा ज़िले के अकलतरा से 3 लोग क्रमश: आयुष जैन पिता अजय जैन उम्र 25 वर्ष अकलतरा, लक्ष्मीकांत शर्मा पिता रामावतार शर्मा उम्र 45 वर्ष अकलतरा और सत्य जीत राहा पिता स्व, बी राहा उम्र करीब 55 वर्ष निवासी अकलतरा जिला जांजगीर चांपा देवपहरी के वाटरफाल में पिकनिक के लिए आये थे। तीनों व्यक्ति वाटरफाल के पास नदी में तैरते-तैरते गहरे पानी में चले गए। पानी का बहाव तेज होने के कारण सत्यजीत राहा 55 वर्ष नदी में बह गया, जबकि दो अन्य लोग तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे। लापता व्यक्ति पेशा से शिक्षक बताया गया है। घटना की सूचना तुरन्त लेमरू थाना पुलिस को दी गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है, लेकिन लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन बाधित हो रहा है। जिला मुख्यालय से नगर सेना कोरबा एसडीआरएफ के गोताखोर बुलाये गए हैं। इसके अलावा ग्रामीणों से भी मदद ली जा रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले भी जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा से ही पिकनिक पर आए दो युवक और दो युवती वाटरफाल में फंस गए थे, जिन्हें करीब सात घंटे की कोशिश के बाद देर रात बाहर निकाला गया था। कोरिया और कोरबा जिले में हो रही खण्ड वर्षा के कारण नदी का जल स्तर कभी भी एकाएक बढ़ जाता है, जिसका कोई अनुमान भी नहीं लगा पाता और इस तरह की स्थिति निर्मित हो जाती है।